**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 18**
**उत्तर देने की तारीख 03 फरवरी, 2020**
**सोमवार, 14 माघ, 1941 (शक)**

**पीएमकेवीवाई के अंतर्गत राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद पाठ्यक्रम**

***18. श्री भर्तृहरि महताबः**

**क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत देश भर में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) पाठ्यक्रम/अल्प अवधि कौशल पाठ्यक्रम आयोजित किये हो;

(ख) यदि हां, तो इसकी शुरुआत से अब तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है तथा उक्त पाठ्यक्रम से देशभर में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अब तक कितने युवा लाभान्वित हुए हैं;

(ग) अब तक देश भर में उक्त पाठ्यक्रम के संचालन हेतु चिह्नित और संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों/पॉलीटेक्निक की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान उक्त योजना के कार्यान्वयन में अनियमितता के कितने मामले सरकार के संज्ञान में आए हैं और उन पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) देश में युवाओं के प्रशिक्षण और कौशल विकास तथा उनके लिए रोजगार सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री**
**(डॉ. महेंद्रनाथ पाण्डेय)**

(क) से (ड.) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**<u>पीएमकेवीवाई के अंतर्गत राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के संबंध में श्री भर्तृहरि महताब द्वारा दिनांक 03.02.2020 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 18 के उत्तर के भाग (क) से (ड.) तक में उल्लिखित विवरण।</u>**

(क) और (ख) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय देश के भावी युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण (अल्पावधि प्रशिक्षण तथा पूर्व शिक्षण मान्यता) प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है। इस स्कीम के अंतर्गत 17.01.2020 की स्थिति के अनुसार देशभर में 73.47 लाख (लगभग) (40.27 लाख एसटीटी+33.20 लाख आरपीएल) उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है। पीएमकेवीवाई (2016-20) के अल्पावधि प्रशिक्षण और आरपीएल का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा क्रमशः **अनुबंध-I** और II पर दिया गया है।

(ग) पीएमकेवीवाई के अंतर्गत ''**बेस्ट इन क्लास एकेडेमिक इंस्टीटयूट्स**'' को विभिन्न जॉब रोलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाने के लिए सूचीबद्ध किया जाता है। ऐसे सूचीबद्ध संस्थानों का ब्योरा **अनुबंध-III** में दिया गया है।

(घ) पीएमकेवीवाई (2016-20) के निगरानी ढांचे के अंतर्गत, पीएमकेवीवाई प्रचालन दिशा-निर्देशों का पालन न करने/अनियमितताओं के कारण 13.01.2020 तक 304 प्रशिक्षण केंद्र (टीसी)/प्रशिक्षण प्रदाताओं (टीपी) को निलंबित किया गया है।

(ड.) सरकार ने कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए क्षमता आधारित पाठ्यचर्या और मानक तैयार करने के लिए उद्योग को प्रोत्साहित किया है। इसके लिए, सरकार ने क्षेत्र कौशल परिषद (एसएससी) नामक उद्योग-नीत निकाय का गठन किया है। क्षेत्र विशेषज्ञ और सुसंगत शिक्षाविदों के परामर्श से एसएससी विभिन्न जॉब रोलों की कौशल आवश्यकताओं का आकलन करते हैं और अर्हता पैको - राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों (क्यूपी-एनओएस) नामक जॉब विशिष्ट मानक तैयार करते हैं। इन क्यूपी-एनओएस को राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचा (एनएसक्यूएफ) नामक क्षमता आधारित ढांचे से संरेखित किया जाता है। एमएसडीई ने प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) के माध्यम से विभिन्न ट्रेडों में कुशल कामगारों के निरंतर प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) आरंभ की है। सीटीएस, दीर्घकालिक प्रशिक्षण (एलटीटी) के डोमेन के अंतर्गत व्यावसायिक/कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। एमएसडीई गैर-शिक्षित, नव-शिक्षित और सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े समूह के लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) स्कीम का भी कार्यान्वयन कर रहा है। कौशल साथी नामक कौशल कैरियर परामर्श स्कीम युवाओं को सही प्रशिक्षण और आगामी रोजगार/उद्यमशीलता का का चुनाव करने हेतु परामर्श देने के लिए कार्यान्वित की जा रही है।

पीएमकेवीवाई (2016-20) के अंतर्गत प्रशिक्षित उम्मीदवारों की तैनाती में वृद्धि करने के लिए विभिन्न प्रावधान/पहलें की जा रही हैं। इनमें क्षेत्र कौशल परिषदों की सहायता से रोजगार मेले का आयोजन, टीसी को तैनाती आधारित कुल प्रशिक्षण भुगतान (अंतिम किस्त) का 20%, विशेष क्षेत्रों/विशेष समूहों के लिए तैनाती बाद प्रतिमाह 1500 रुपए प्रति प्रशिक्षु तैनाती पश्चात सहायता, नियोजक-नीत मॉड्यूल का कार्यान्वयन, तैनाती निष्पादन के आधार पर टीसी को लक्ष्यों का पुनः आवंटन आदि शामिल है।

अनुबंध-I

पीएमकेवीवाई (2016-20) के अल्पावधि प्रशिक्षण के अंतर्गत 17.01.2020 की स्थिति के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रशिक्षित, मूल्यांकन, प्रमाणित और तैनात उम्मीदवारों का ब्योरा, नीचे दिया गया हैं:

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | प्रशिक्षित | मूल्यांकन | प्रमाणित | तैनात |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप | 1,117 | 864 | 756 | 124 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 1,40,928 | 1,30,464 | 1,17,273 | 75,235 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 12,362 | 10,165 | 9,203 | 2,725 |
| 4. | असम | 99,363 | 85,671 | 74,773 | 33,366 |
| 5. | बिहार | 2,04,119 | 1,86,790 | 1,61,774 | 81,038 |
| 6. | चंडीगढ़ | 10,509 | 9,047 | 7,805 | 3,371 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 79,690 | 71,013 | 59,757 | 22,747 |
| 8. | दादरा और नगर हवेली | 1,618 | 1,449 | 1,249 | 681 |
| 9. | दमन और दीव | 3,263 | 2,773 | 2,371 | 1,428 |
| 10. | दिल्ली | 1,50,515 | 1,32,796 | 1,21,317 | 59,917 |
| 11. | गोवा | 2,531 | 1,671 | 1,442 | 740 |
| 12. | गुजरात | 1,16,707 | 1,02,641 | 91,116 | 45,406 |
| 13. | हरियाणा | 2,88,186 | 2,62,788 | 2,37,777 | 1,34,783 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 54,600 | 48,494 | 43,179 | 18,376 |
| 15. | जम्मू और कश्मीर | 1,04,876 | 93,696 | 83,352 | 41,721 |
| 16. | झारखंड | 58,607 | 52,939 | 45,868 | 21,125 |
| 17. | कर्नाटक | 1,10,567 | 1,01,089 | 89,841 | 45,488 |
| 18. | केरल | 57,825 | 50,716 | 44,786 | 17,369 |
| 19. | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 3,53,569 | 3,27,392 | 2,87,049 | 1,55,659 |
| 21. | महाराष्ट्र | 1,66,870 | 1,40,696 | 1,18,486 | 49,142 |
| 22. | मणिपुर | 22,933 | 19,767 | 17,412 | 5,500 |
| 23. | मेघालय | 11,576 | 10,044 | 8,831 | 4,510 |
| 24. | मिजोरम | 12,895 | 11,051 | 9,859 | 3,760 |
| 25. | नागालैंड | 10,141 | 8,125 | 7,218 | 1,932 |
| 26. | ओडिशा | 1,21,502 | 1,09,492 | 96,455 | 49,130 |
| 27. | पुडुचेरी | 12,426 | 11,476 | 10,684 | 5,495 |
| 28. | पंजाब | 1,90,096 | 1,76,711 | 1,60,937 | 84,496 |
| 29. | राजस्थान | 3,14,220 | 2,90,225 | 2,66,550 | 1,33,287 |
| 30. | सिक्किम | 5,850 | 5,004 | 4,302 | 931 |
| 31. | तमिलनाडु | 2,17,841 | 1,92,500 | 1,73,826 | 1,12,492 |
| 32. | तेलंगाना | 1,48,851 | 1,36,504 | 1,23,365 | 77,773 |
| 33. | त्रिपुरा | 25,143 | 22,735 | 20,161 | 6,656 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | 6,33,081 | 5,79,270 | 5,10,085 | 2,46,846 |
| 35. | उत्तराखंड | 87,006 | 78,403 | 67,850 | 34,052 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 1,95,674 | 1,78,959 | 1,57,976 | 84,660 |
| **कुल योग** | | **40,27,057** | **36,43,420** | **32,34,685** | **16,61,961** |

अनुबंध-II

**पीएमकेवीवाई (2016-20) के पूर्व शिक्षण मान्तया के अंतर्गत 17.01.2020 की स्थिति के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार उन्मुख, आकलित और प्रमाणित उम्मीदवारों का ब्योरा, नीचे दिया गया हैं:**

| क्र.म. | राज्य | उन्मुख | आकलित | प्रमाणित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप | 46 | 46 | 46 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 50,194 | 42,834 | 40,222 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 3,999 | 3,714 | 3,668 |
| 4. | असम | 1,02,116 | 91,442 | 88,090 |
| 5. | बिहार | 1,09,132 | 95,458 | 87,939 |
| 6. | चंडीगढ़ | 4,913 | 4,032 | 3,765 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 18,051 | 14,532 | 13,416 |
| 8. | दादरा और नगर हवेली | 1,382 | 1,226 | 1,200 |
| 9. | दमन और दीव | 1,453 | 1,113 | 1,072 |
| 10. | दिल्ली | 1,32,518 | 1,16,956 | 1,10,384 |
| 11. | गोवा | 3,950 | 2,817 | 2,775 |
| 12. | गुजरात | 1,22,495 | 1,07,058 | 1,03,437 |
| 13. | हरियाणा | 1,46,304 | 1,23,425 | 1,16,307 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 27,078 | 24,467 | 22,582 |
| 15. | जम्मू और कश्मीर | 50,459 | 47,265 | 46,047 |
| 16. | झारखंड | 64,551 | 55,134 | 51,610 |
| 17. | कर्नाटक | 2,04,010 | 1,58,983 | 1,46,963 |
| 18. | केरल | 1,11,093 | 89,699 | 84,027 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 1,42,043 | 1,24,849 | 1,13,817 |
| 20. | महाराष्ट्र | 5,63,652 | 4,05,818 | 3,64,545 |
| 21. | मणिपुर | 11,976 | 11,373 | 11,359 |
| 22. | मेघालय | 9,769 | 9,461 | 8,567 |
| 23. | मिजोरम | 750 | 735 | 734 |
| 24. | नगालैंड | 334 | 204 | 197 |
| 25. | ओडिशा | 1,91,944 | 1,62,996 | 1,48,250 |
| 26. | पुडुचेरी | 3,774 | 3,033 | 2,848 |
| 27. | पंजाब | 52,970 | 43,183 | 39,833 |
| 28. | राजस्थान | 3,29,324 | 3,00,991 | 2,83,368 |
| 29. | सिक्किम | 1,450 | 1,306 | 1,256 |
| 30. | तमिलनाडु | 1,96,981 | 1,71,480 | 1,56,264 |
| 31. | तेलंगाना | 79,894 | 68,309 | 63,553 |
| 32. | त्रिपुरा | 14,948 | 13,860 | 13,380 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 4,32,377 | 3,77,282 | 3,53,421 |
| 34. | उत्तराखंड | 33,673 | 29,133 | 26,328 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 1,00,418 | 87,013 | 81,153 |
| | **कुल** | **33,20,021** | **27,91,227** | **25,92,423** |

[* **टिप्पणी:** तैनाती की गणना अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों (विशेष परियोजना सहित) में प्रमाणित उम्मीदवारों के लिए ही की गई है। आरपीएल में तैनाती करना अनिवार्य नहीं है क्योंकि यह पूर्व शिक्षण वाले उम्मीदवारों का अभिमुखीकरण और प्रमाणन करता है।

अनुबंध-।।।

**पीएमकेवीवाई के अंतर्गत बेस्ट इन क्लास एकेडेमिक इंस्टीटयूट्स का राज्य-वार ब्योरा नीचे दिया गया है:**

| क्र.सं. | शैक्षणिक संस्थान का नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी **(आईआईटी)*** | असम |
| 2. | राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान **(एनआईईएलईटी)*** | पश्चिम बंगाल |
| 3. | **सीएसआईआर**-नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, जोरहाट, असम* | असम |
| 4. | **एनआईटी** अगरतला* | त्रिपुरा |
| 5. | नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च **(एनआईपीईआर)*** | असम |
| 6. | सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज, इंदौर* | मध्य प्रदेश |
| 7. | जेएसएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी, ऊटी | तमिलनाडु |
| 8. | भारतीय वृक्षारोपण प्रबंधन संस्थान | कर्नाटक |
| 9. | किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय | नई दिल्ली |
| 10. | एसआरएम दिल्ली विश्वविद्यालय-एनसीआर, सोनीपत* | हरियाणा |
| 11. | जीडी गोयनका विश्वविद्यालय* | हरियाणा |
| 12. | ब्रेनवेयर विश्वविद्यालय* | पश्चिम बंगाल |
| 13. | कौशल विकास केंद्र अन्नामलाई विश्वविद्यालय* | तमिलनाडु |
| 14. | भारतीय कौशल विकास विश्वविद्यालय जयपुर** | राजस्थान |
| 15. | सिम्बायोसिस कौशल और मुक्त विश्वविद्यालय (एसएसओयू)- पुणे** | महाराष्ट्र |

* इंजीनियरिंग कॉलेज का वर्णन **कौशल विश्वविद्यालय का वर्णन

*******